निपुण भारत (NIPUN Bharat)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/nipun-bharat

- शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत **स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने बेहतर समझ और संख्यात्मकता ज्ञान के साथ शिक्षा में प्रवीणता के लिये** 5 जुलाई, 2021 को एक राष्ट्रीय पहल 'निपुण भारत' (निपुण-नेशनल इनीशिएटिव फॉर प्रोफिसीएंसी इन रीडिंग विद अंडरस्टैंडिंग एंड न्यूमरैसी) की शुरूआत की है।
- **इसका लक्ष्य आधारभूत साक्षरता तथा संख्यात्मक ज्ञान सुनिश्चित करने के लिये सर्व सुलभ वातावरण तैयार करना है**, जिससे वर्ष 2026-27 तक प्रत्येक विद्यार्थी ग्रेड 3 की पढ़ाई पूरी करने के साथ पढ़ने, लिखने तथा अंकों के ज्ञान की आवश्यक निपुणता हासिल कर सके।
- 'निपुण भारत' 29 जुलाई 2020 को जारी की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के लिये उठाए गए कदमों की श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसे नेशनल मिशन फाउंडेशन लिटरेसी एंड न्यूमरैसी के एक भाग के रूप में शुरू किया गया है।
- इसे स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा लागू किया जाएगा। इसके क्रियान्वयन के लिये **केंद्र प्रायोजित समग्र शिक्षा योजना के तहत सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में राष्ट्रीय-राज्य-ज़िला-ब्लॉक-स्कूल स्तर पर एक पाँच स्तरीय क्रियान्वयन तंत्र स्थापित किया जाएगा।**

IAS / PCS
Pendrive Course
सामान्य अध्ययन
+
वैकल्पिक विषय
(इतिहास एवं भूगोल)
15% Discount for Next
500 Students